

Patna University In News (29.09.2022)

दैनिक भास्कर

पटना विश्वविद्यालय सेंट्रल डिस्पेंसरी का ऐतिहासिक भवन ध्वस्त, नए में हुआ शिफ्ट

पीयू डिस्पेंसरी के नये भवन के भीतर की तस्वीर

1955 में पहले सीएम श्रीकृष्ण सिंह ने किया था उद्घाटन, शिलापट्ट को सुरक्षित रखा गया

पटना | पटना विश्वविद्यालय की सेंट्रल डिस्पेंसरी का ऐतिहासिक भवन ध्वस्त कर दिया गया है। यह भवन 1955 में बना था और पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह के द्वारा इसका उद्घाटन 3 मई 1955 को किया गया था। पीएमसीएच के ही पुराने चर्म रोग विभाग के ओपीडी भवन में पटना विश्वविद्यालय की डिस्पेंसरी को शिफ्ट कर दिया गया है। ध्वस्त भवन का शिलापट्ट को सुरक्षित रखा गया है। यह कुछ चुनिंदा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी डिस्पेंसरी में से एक था। ध्वस्त भवन की जगह पर अब पीएमसीएच के लिए पार्किंग बनेगी।

पीयू डिस्पेंसरी का ध्वस्त भवन।

दैनिक भास्कर

पीयू : पीजी में सेकेंड राउंड नामांकन समाप्त, स्पॉट राउंड 11 अक्टूबर तक

पटना | पटना विश्वविद्यालय में पीजी में सेकेंड राउंड नामांकन बुधवार को समाप्त हो गया। अब संबंधित विभागों को गुरुवार से स्पॉट राउंड के लिए सूचना जारी कर आवेदन आमंत्रित करना है। स्पॉट राउंड नामांकन 11 अक्टूबर से पहले करके सभी विभागों को चयनित छात्र-छात्राओं की सूची विवि को भेजनी होगी।